लोक-सभा वाद-विवाद

का

संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION
OF
6th
LOK SABHA DEBATES

[चौथा सत्र
Fourth Session]

[खंड 15 में अंक 51 से 58 तक हैं
Vol. XV contains Nos. 51 to 58]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : चार रुपये

Price : Four Rupees

विषय-सूची CONTENTS

अंक 52 शनिवार, 6 मई, 1978/16 वैशाख, 1900 (शक)

No. 52 Saturday, May 6, 1978/Vaisakha 16, 1900 (Saka)

विषय	SUBJECT	पृष्ठ/PAGES
नियम 377 के अधीन मामले	Matters under rule 377	
(एक) अमरीकी सरकार द्वारा भारत में अमरीकी शांति कोर पुनः स्थापित करने के प्रयासों के बारे में कथित समाचार	(i) Reported news about US Government's effort to re-introduce American peace Corps in India	1—2
श्री वयालार रवि	Shri Vayalar Ravi	
(दो) राजस्थान के गंगानगर जिले में गंग नहर के टूट जाने का समाचार	(ii) Reported breach in Gang Canal in Ganganagar district, Rajasthan	2
श्री बेगाराम चौहान	Shri Bega Ram Chauhan	
(तीन) तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे कर्मचारियों द्वारा एक बारात के विरुद्ध हिंसक कार्यों का समाचार	(iii) Reported violent acts by railway employees against a marriage party near Tughlakabad railway station.	
श्री एस० आर० दामाणी	Shri S.R. Damani.	2
(चार) गांधी हरिजन हायर सेकेंडरी स्कूल, ब्रह्मपुरी, दिल्ली में कथित घटनाओं के बारे में	(iv) Reported incidents at Gandhi Harijan Higher Secondary School, Brahmpuri, Delhi.	3
श्री एम० सत्यनारायण राव	Shri M. Satyanarayan Rao	
(पांच) उच्चतम न्यायालय द्वारा श्री संजय गांधी की जमानत रद्द किये जाने का समाचार	(v) Reported cancellation of Shri Sanjay Gandhi's bail by Supreme Court.	3
श्री कंवर लाल गुप्त	Shri Kanwar Lal Gupta	
(छः) आजमगढ़ उप-चुनावों में हेराफेरी की आशंका का समाचार	(vi) Reported fear of rigging in Azamgar bye-election	3
श्री वसंत साठे	Shri Vasant Sathe	
सभा पटल पर रखे गये पत्रों संबंधी समिति—	Committee on Papers laid on the Table	4

(एक) कार्यवाही-सारांश	(i) Minutes	
(दो) पांचवां प्रतिवेदन	(ii) Fifth Report	
सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति — छठा प्रतिवेदन	Committee on Absense of Members from the Sittings of the House Sixth Report	4
सभा का कार्य	Business of the House	4—6
पंचवर्षीय योजना का प्रारूप, 1978–83 के बारे में प्रस्ताव	Motion re. Draft Five Year Plan 1978-83	6—38
श्री चन्द्र पाल सिंह	Shri Chandra Pal Singh	
श्री श्यामनन्दन मिश्र	Shri Shyamnandan Mishra	
श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे	Shri Annasaheb P. Shinde	
श्री सोमनाथ चटर्जी	Shri Somnath Chatterjee	
श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा	Shri Sukhdeo Prasad Verma	
श्री मोहन धारिया	Shri Mohan Dharia	
श्री एन० श्रीकान्तन नायर	Shri N. Sreekantan Nair	
श्री हुकमदेव नारायण यादव	Shri Hukamdeo Narain Yadav	
श्रीमती पार्वती देवी	Shrimati Parvati Devi	
श्री श्रीकृष्ण सिंह	Shri Shrikrishna Singh	
श्री जगन्नाथ राव	Shri Jagannath Rao	
श्री एस० रामास्वामी	Shri S. Ramaswamy	
श्री मिन्थू साहू	Shri Minthoo Sahu	
डा० बलदेव प्रकाश	Dr. Baldev Prakash	
श्री एम० के० राय	Shri M. K. Roy	
श्री यमुना प्रसाद शास्त्री	Shri Y. P. Shastri	
श्री के० पी० उन्नीकृष्णन	Shri K. P. Unnikrishnan	
श्री रीतिलाल प्रसाद वर्मा	Shri R. L. P. Verma	
श्री बृज भूषण तिवारी	Shri Brij Bhushan Tiwari	
श्री मनोरजंन भक्त	Shri Manorajan Bhakta.	
श्री भानु कुमार शास्त्री	Shri Bhanu Kumar Shastri	
श्री एच० एल० पटवारी	Shri H. L. Patwary	
श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा	Shri Rajendra Kumar Sharma	
श्री रामदास सिंह	Shri Ramdas Singh	

लोक सभा
LOK SABHA

शनिवार, 6 मई, 1978/16 बैशाख, 1900 (शक)
Saturday, May 6, 1978/Vaisakha 16, 1900 (Saka)

लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई
The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Speaker in the Chair]

नियम 377 के अधीन मामले
MATTERS UNDER RULE 377

Shri Yuvraj (Katihar) : Mr. Speaker, I want to draw your attention to a very important issue.

अध्यक्ष महोदय : मैं आपको अनुमति नहीं दे सकता हूं । आपको नोटिस देना चाहिये ।

[अन्तर्बाधा]*
[*Interruption*]*

अमरीकी सरकार द्वारा भारत में अमरीकी शांति कोर पुनः स्थापित करने के प्रयासों के बारे में कथित समाचार

श्री वयालार रवि (चिरयिंकील) : ऐसे समाचार आ रहे हैं कि संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार पुनः भारत में अमरीकी शान्ति कोर को भेजने के प्रयास कर रही है । दस वर्ष पहले अमरीकी सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिये स्वयं सेवी गतिविधियों के नाम पर विश्व भर में अमरीकी शान्ति कोर के कार्यकर्त्ताओं का जाल फैलाया था । भारत में शान्ति कोर के हज़ारों स्वयंसेवक भेजे गये परन्तु उनकी गतिविधियों की आलोचना हुई तथा उन पर जासूसी करने का सन्देह किया गया । इसके परिणामस्वरूप सरकार को समूचे करार पर फिर से विचार करना

*कार्यवाही वृतान्त में सम्मिलित नहीं किया गया ।
*Not Recorded.

पड़ा तथा इन स्वयंसेवकों को वापस अमरीका भेजने का निर्णय किया गया । देश में इस शान्ति कोर की गतिविधियों के पुनर्रारम्भ का प्रयास देश की सुरक्षा के लिये खतरे की घन्टी है तथा इससे इन तथाकथित स्वयंसेवकों का देश में जासूसी के लिये मार्ग खुल जायेगा । सरकार को इस बारे में सचेत और सावधान रहना चाहिये ।

राजस्थान के गंगानगर जिले में गंग नहर के टूट जाने का समाचार

Shri Bega Ram Chauhan (Ganganagar) : The breach in the Gangnahar near Ganganagar has submerged village Kaliyan resulting in a loss worth Rs. 1.5 crores. A large number of houses and roads have been damaged and thousands of families are in great distress. Government of India should give adequate compensation to the affected people and the relief work should be taken up on war footing.

This breach has occurred after forty years.....

अध्यक्ष महोदय : जो कुछ आप लिखकर दे चुके हैं, उसके अतिरिक्त आप कुछ नहीं कर सकते ।

Shri Bega Ram Chauhan :*

तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे कर्मचारियों द्वारा एक बारात के विरुद्ध हिंसक कार्यों का समाचार

श्री एस० आर० दामाणी (शोलापुर) : मैं सभा का ध्यान 4 मई, 1978 को बम्बई जाने वाले पंजाब मेल के एक रिजर्व डिब्बे में यात्रा करने वाली बारात पर तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के निकट रेल कर्मचारियों द्वारा हिंसात्मक कार्यवाही किये जाने की ओर दिलाना चाहता हूं । इस घटना में अनेक यात्रियों को गम्भीर चोटें आई । यह अत्यन्त खेदजनक है कि रेलवे कर्मचारियों में गत एक वर्ष में अनुशासन बहुत कम रह गया है । इसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाएं बढ़ी हैं । यात्रियों में जान और माल की असुरक्षा की भावना व्याप्त है । क्या रेलवे कर्मचारी किसी रिजर्व डिब्बे में यात्रा कर सकते हैं ? क्या कण्डक्टर का यह काम नहीं था कि वह उन्हें रिजर्व डिब्बे में से निकाल बाहर करता ? माननीय मंत्री जी को रेलवे में अनुशासन लाना चाहिये अन्यथा समूचा रेल प्रशासन बदनाम हो जायेगा ।

श्री सौगत राय (बैरकपुर) : यह एक अत्यन्त गम्भीर मामला है । रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री यहां पर उपस्थित हैं । उन्हें इस बारे में वक्तव्य देकर अच्छी लोकतन्त्रीय परम्परा स्थापित करनी चाहिए ।

---

*कार्यवाही वृतान्त में सम्मिलित नहीं किया गया ।

*Not recorded.

गांधी हरिजन हायर सैकेन्डरी स्कूल, ब्रह्मपुरी, दिल्ली में कथित घटनाओं के बारे में

श्री एम० सत्यनारायण राव (करीमनगर) : कल शाम गांधी हरिजन हायर सैकेण्डरी स्कूल, ब्रह्मपुरी, दिल्ली पर सार्वजनिक प्रदर्शन की घटना और पुलिस के हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप अनेक लोगों को गम्भीर चोटें आईं और काफी सम्पत्ति की हानि हुई । यह स्कूल गरीब लोगों की एक बस्ती में स्थित है और इसमें अधिकांशतः उन्हीं के बच्चे पढ़ते हैं । प्रबन्धक स्कूल को पूरी तरह अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं । हाल ही में उन्होंने सरकारी सहायता लेनी बन्द कर दी । वे इसे एक पब्लिक स्कूल के रूप में विद्यार्थियों से फीस लेकर चलाना चाहते हैं । गरीब छात्र इतनी अधिक फीस नहीं दे सकते हैं । लगभग 3,600 छात्रों को स्कूल छोड़ना पड़ेगा तथा 80 अध्यापकों की नौकरी भी समाप्त हो जायेगी। प्रबन्धकों के इस कदम की प्रतिक्रिया और विरोध होना स्वाभाविक ही है । छात्रों और अभिभावकों के शान्तिपूर्ण प्रदर्शन पर पत्थर आदि बरसाकर पुलिस को हस्तक्षेप करने का बहाना बनाया गया । पुलिस ने अत्यन्त कठोरता से कार्यवाही की जिसके परिणामस्वरूप अनेक लोग गम्भीर रूप से घायल हुए और सम्पत्ति की काफी हानि हुई । सम्बन्धित मंत्री महोदय को समूची स्थिति पर वक्तव्य देना चाहिये ।

उच्चतम न्यायालय द्वारा श्री संजय गांधी की जमानत रद्द किये जाने का समाचार

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : श्री संजय गांधी के मामले में उच्चतम न्यायालय का निर्णय केवल जमानत रद्द करना ही नहीं है । देश के उच्चतम न्यायाधिकरण ने उन्हें गवाहों और गवाहियों को तोड़ने तथा कानूनी प्रक्रिया को उलटने की कोशिश करने का दोषी ठहराया है । अतः न्यायालय ने उन्हें एक महीने के लिये न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया है । यह सुनिश्चित करने में कि अपराधियों को दण्ड मिले, न्यायलय ने अपने कर्त्तव्य का पालन किया है । अब सरकार को ध्यान रखना चाहिये कि श्री संजय गांधी कानूनी प्रक्रिया उलटने के अपने प्रयास जेल से ही जारी न रख पाये । उन्हें जेल से भी गवाहों को तोड़ने की चेष्टा करने से रोका जाना चाहिये । मैं आशा करता हूं कि जेल अधिकारियों पर निगरानी रखी जायेगी कि वे कानूनों का ठीक-ठीक पालन करते हैं ।

आजमगढ़ उप-चुनाव में हेंराफेरी की आंशका का समाचार

श्री वसंत साठे (अकोला) : ऐसी रिपोर्टें हैं कि आज़मगढ़ उप-चुनाव निष्पक्ष और स्वतन्त्र नहीं होंगे क्योंकि मतदान पेटियां और मतपत्र दूरस्थ क्षेत्रों में बहुत पहले पहुंच चुके हैं और चुनाव में गड़बड़ी किये जाने की आशंका है । स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिये सरकार को सावधानी बरतनी चाहिये और इसके लिये विशेष प्रबन्ध करने चाहियें ।

सभा पटल पर रखे गये पत्रों संबन्धी समिति
COMMITTEE ON PAPERS LAID ON THE TABLE

कार्यवाही सारांश

श्री कंवर लाल गुप्त : मैं सभा पटल पर रखे गये पत्रों सम्बन्धी समिति की 6 अक्तूबर, 8 नवम्बर और 29 दिसम्बर, 1977 तथा 28 मार्च, 20 अप्रैल और 4 मई, 1978 को हुई बैठकों के कार्यवाही-सारांश सभा पटल पर रखता हूं ।

पांचवां प्रतिवेदन

श्री कंवर लाल गुप्त : मैं सभा पटल पर रखे गये पत्रों सम्बन्धी समिति का पांचवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति
COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTING OF THE HOUSE

छटा प्रतिवेदन

श्री नटवरलाल बी० परमार : मैं सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति का छठा प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

सभा का कार्य
BUSINESS OF THE HOUSE

The Minister of State in the Ministry of Labour and Department of Parliamentary Affairs (Shri Larang Sai) : Sir, with your permission I may inform the House that the following Government Business will be taken up in the House during the week beginning on 8th May, 1978 :

(1) Consideration of any item of Govt. business not concluded today.

(2) Consideration and passing of following bills :—

(a) The Customs, Central Excise and Salt and Central Excise Board (Amendment) Bill, 1977 (consideration and passing).

(b) The Khadi and Village Industries (Amendment) Bill, 1978 (consideration and passing).

(c) The Passport (Amendment) Bill, 1978 (consideration and passing).

(d) The Tobacco Board (Amendment) Bill, 1978 (consideration and passing).

(e) The Air (Prevention and Control of Pollution) Bill, 1978 (consideration and passing).

(f) Insolvency Laws (Amendment) Bill, 1978, as passed by Rajya Sabha (consideration and passing).

(g) The Eyes (Authority for use for Therapeutic Purposes) Bill, 1978 (consideration and passing).

(h) The Ear Drums and Ear Bones (Authority fcr use fcr Thera peutic Purposes) Bill, 1978 (consideration and passing).

(3) Discussion on the Report of the working Group on Autonomy for Akashvani and Doordarshan consequent upon the motion to be moved by the Minister of Information and Broadcasting on Thursday, the 11th May, 1978.

श्री ए० के० राय (धनबाद) क्या मंत्री महोदय बतायेंगे कि औद्योगिक सम्बन्धों के बारे में एक व्यापक विधेयक इस सत्र में लाया जायेगा या नहीं क्योंकि हमें बार-बार बताया जाता रहा है कि यह विधेयक शीघ्र ही रखा जायेगा ?

श्री सौगत राय (बैरकपुर) अभी पश्चिमी बंगाल विधान सभा में सरकार द्वारा कार्य-सूची पर मत-विभाजन हुआ । विधेयक लाने के बारे में सरकार को अपना वचन निभाना चाहिये अन्यथा हमें भी यहां पर ऐसा करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा ।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) मैं केवल दो या तीन बातें कहना चाहता हूं । मैंने और इस सभा ने यह मांग की है कि सरकार का इसी सत्र में शाह आयोग का पहला प्रतिवेदन तथा उस पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही दर्शाने वाला ज्ञापन सभा पटल पर रखा जाना चाहिये । गत सप्ताह गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री पाटिल के आश्वासन के बावजूद अभी तक ऐसा नहीं किया गया है । सरकार को स्पष्ट आश्वासन देना चाहिये कि इस सत्र के समाप्त होने से पहले ऐसा किया जायेगा ताकि सभा इस पर चर्चा कर सके । मैं इस ओर प्रधान मंत्री, विधि मंत्री तथा अन्य मंत्रिगणों का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं ।

दूसरे मैं यह जानना चाहता हूं कि संविधान (पैंतालिसवां संशोधन) विधेयक तथा दल-बदल रोक विधेयक इस सत्र में रखे जायेंगे या नहीं । अन्त में मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या वर्तमान सत्र 12 तारीख से आगे बढ़ाया जायेगा और यदि बढ़ाया जायेगा तो कितने दिन के लिये ।

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) हमें शाह आयोग का प्रथम प्रतिवेदन 11 मार्च को और दूसरा प्रतिवेदन 26 अप्रैल को प्राप्त हुआ । यह एक गम्भीर मामला है । सभी कानूनी पहलुओं पर सावधानीपूर्वक विचार किया जा रहा है ।

जल्दबाज़ी में काम खराब होता है और बाद में पछताना पड़ता है । मुझे आशा है कि सत्र के समाप्त होने से पूर्व हम इसे आपके समक्ष रख सकेंगे । अगले सत्र में इस पर चर्चा हो सकेगी । संविधान संशोधन) विधेयक भी इस सत्र की समाप्ति से पहले रख दिया जायेगा । वर्तमान सत्र 16 तारीख से आगे नहीं बढ़ाया जायेगा ।

Dr. Laxminarayan Pandaya (Mandsaur) : With the implementation of Government's decision to decentralise the Fertilizer Corporation of India and N.F.L. into four Regional offices, the interests of the employees have been adversely affected. The employees were given an assurance that they would not be transferred. The matter should be discussed here before implementation.

पंचवर्षीय योजना का प्रारूप 1978—83 के बारे में प्रस्ताव

MOTION RE: DRAFT FIVE YEAR PLAN 1978—83

Shri Chandrapal Singh (Amroha) : If corruption is not rooted out from the country, we will not be able to fulfil the aspirations and expectations of the people. Our beaurocrats have an urban orientation with the result that they do not pay any attention to the rural areas and remain indifferent towards the Plans. I would suggest that they live in the rural areas amidst *Adivasis*, *Harijans* and the poor so that they get better opportunity to acquaint themselves with problems faced by these people. This will go in a big way to help in implementation of our plans. Secondly, they should be assigned particular targets for implementation and achievements. Proper incentives and disincentives may also be laid down to ensure compliance.

We are today facing the population explosion, which if not checked in time will have very serious consequences. We will have to be strict in the matter. If the entire eligible population of a village agree *suo Moto* or on motivation by the authorities to accept sterilisation, they may be assured of roads, schools and other facilities. This will have its impact on other villages as well. There should be involvement of the elected representatives in the matter. There is an outcry for stability from all questors, which can be achieved with a state of law and order in the country. Our energies engaged in enforcing law and order can be better utilised in implementation of our plans. Dictatorship cannot deliver the goods in our country although dictatorial forces have again become active in the country recently. If our leaders do not stand united. The democracy in our country will crumble. We have made high promises to the people. Now it is to be seen how far we succeed in fulfilling them.

There is problem of housing for the small people. We should have combined colonies for the poor and the rich, the Harijans and the caste Hindus so as to accelerate the pace of national integration. So far the beaurocrats have been indifferent to all these problems. You should be strict with them and ensure their proper involvement. It is in the national interest to bring stability, enforce discipline and law and order.

श्री श्यामनन्दन मिश्र (बेगुसराय) : यह खुशियां मनाने का अवसर है कि ससद में आयोजन पर चर्चा का पुनर्आम्भ हुआ है । काफी समय से संसद् और आयोजन का गठबन्धन समाप्त हो गया था । जनता सरकार को इसका पुर्नमिलन कराने का श्रेय है । श्री नेहरू के शासन के लगभग पन्द्रह वर्षों के दौरान संसद् और आयोजन के बीच सम्बन्ध बहुत घनिष्ट रहे थे । पिछले शासन के 9-10 वर्ष के कार्यकाल में आयोजन मरणासन्न था और केवल आक्सीज़न पर ही जीवित था । 1966 से 69 तक सरकारी तौर पर आयोजन अवकाश घोषित किया था न इसके बाद चौथी योजना आई जो वास्तव में विकास योजना न होकर संकटकालीन प्रबन्ध योजना थी तथा पांचवीं योजना तो वास्तव में आरम्भ ही नहीं हुई । पहले विश्व में अर्थशास्त्रियों का यह मत था कि निर्धन और अविकसित देशों की समस्याएं भारी उद्योगों और मशीन निर्माण उद्योगों के माध्यम से ही सुलझाई जा सकती हैं । अब हमें पता चला है कि इस प्रकार के आयोजन में कुछ कमियां थीं ।

श्रीमती गांधी की आयोजन और वैज्ञानिक विचारधारा में कोई आस्था नहीं थी । उनकी तो केवल 20-सूत्री कार्यक्रम में आस्था थी । विरोधी पक्ष के नेता की विचारधारा श्री नेहरू की इस बारे में विचारधारा से बिल्कुल विपरीत है । जनता सरकार व्यापक परिवर्तन लाई है और इसलिए आप देखते हैं कि राष्ट्रीय विकास परिषद् फिर से सजीव हो उठी है । अब यह श्रीमती गांधी के समय की तरह रबड़ की मोहर नहीं है । अब यह सुझाव देती है । यही स्थिति योजना आयोग की है और समूची आयोजन प्रक्रिया का 1977 में पुनर्जन्म हुआ है । इस सबका श्रेय जनता पार्टी को है । मैं तो यहां तक कहूंगा कि आयोजन में कमी के कारण जनतन्त्र का भी ह्रास हुआ है । अगर ऐसा नहीं होता तो हमें सत्तावाद के जो दिन पिछले दो-तीन वर्षों में देखने में मिले वे दिन कभी नहीं आते ।

अब जनता पार्टी को इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि वह जनता की आकांक्षाओं के कारण ही सत्ता में आई है । अतः जनता की आकांक्षाओं को हमें पूरा करना होगा । मैं इस बात से सहमत हूं कि आयोजन की कतिपय प्रक्रियाओं का त्याग किया गया है उन्हें छोड़ दिया गया है । वास्तव में इससे आयोजन प्रक्रिया को ही नुक्सान पहुंचेगा । यदि हम चाहते हैं कि जनता योजनाबद्ध विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहे तो इसके बारे में हमारी जो नीति है उस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए । समूचे देश में इस पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए और इसके उद्देश्यों तथा इसके अन्तर्गत आने वाले कार्यक्रमों में जनमत आमंत्रित किया जाना चाहिए। नेहरू जी के काल में यह प्रथा जारी थी । कोई भी योजना तब तक राष्ट्रीय योजना नहीं कही जा सकती जब तक कि उसे भारतीय संसद् का अनुमोदन प्राप्त न हो जाए । केवल राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा अनुमोदित योजना को राष्ट्रीय योजना नहीं कहा जा

सकता (व्यवधान) संसद् और आयोजन में तब तक तालमेल नहीं हो सकता जब तक कि हम अब तक अपनाई जा रही प्रक्रियाओं का पालन नहीं करते ।

अध्यक्ष महोदय, यह योजना बहुत थोड़े समय में तैयार की गई है । इसका श्रेय हमारे आयोजकों को जाता है । उन्होंने काफी कड़ी मेहनत करके इसे तैयार किया है । पर यह आश्चर्य की बात है कि हम प्रारूप योजना पर तब चर्चा कर रहे हैं जबकि वह लागू हो चुकी है । ऐसी दशा में संसद् अपने को एक विभिन्न स्थिति में पाती है । एक और भी विचित्र बात या है कि इस योजना के कार्य में योजना से सम्बद्ध राजनीतिक नेताओं को भी पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया । ऐसा नहीं होना चाहिए । हमारे प्रधान मंत्री को जो कि योजना आयोग के अध्यक्ष हैं आयोजन कार्यों के लिए कुछ समय अवश्य निकालना चाहिए ।

इन सब बातों के होते हुए भी यह योजना क्रान्तिकारी महत्व की है । यह योजना जनता की योजना है । इसमें भूमिहीनों, बेघरों, बेरोज़गारों, सीमान्त तथा छोटे किसानों और गरीबी के स्तर से नीचे रहने वाले लोगों की समस्याओं की ओर ध्यान दिया गया है । इसके अलावा ग्रामीण लोगों की जो भारत की जनसंख्या का 80 प्रतिशत है समस्याओं की ओर ध्यान दिया गया है । इस योजना से देश के करोड़ों लोगों को फायदा होगा ।

श्री पी० राजगोपाल नायडू (चित्तूर) : छोटे किसानों के लिए क्या किया जा रहा है ?

श्री श्यामनन्दन मिश्र : इसके अलावा इसमें कुछ इने-गिने लोगों को ही उद्योग स्थापित करने के अवसर देने की बजाय आम लोगों को इस क्षेत्र में आने के अवसर प्रदान करने का प्रावधान है । यह एक क्रान्तिकारी परिवर्तन है । इसमें लोगों को भी भागीदार बनाया गया है । इससे लोगों में उत्साह पैदा होगा जो लोकतान्त्रिक आयोजन का मुख्य स्रोत होता है ।

इस योजना की सबसे मुख्य बात यह है कि पहली बार राष्ट्रीय आय के पुनर्वितरण के लिए प्रभावी माध्यम चुना गया है । रोज़गार के अवसर पैदा करके राष्ट्रीय आय का प्रभावी वितरण किया जा सकता है । इसीलिए इस योजना में रोज़गार को ही इसका प्रमुख माध्यम चुना गया है ।

जहां तक सरकारी उपक्रमों का सम्बन्ध है, इस क्षेत्र में पिछली सरकार के शासन के दौरान कुछ ह्रास हुआ है । सरकारी क्षेत्र समाजवादी समाज की स्थापना का एक प्रमुख माध्यम माना गया है । मेरे कुछ दोस्तों ने कहा है कि इस योजना में सरकारी क्षेत्र को तरजीह नहीं दी गई है । पर यह गलत है । 1960-61 के मूल्यों को आधार मानकर इस क्षेत्र के परिव्यय में 66 से 67 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जबकि तीसरी चौथी और पांचवीं योजनाओं में यह प्रतिशत क्रमशः 27.5, 37.90

और 34.14 रहा है। अतः स्पष्ट है कि जनता सरकार ने इस क्षेत्र को काफी महत्व दिया है।

जनता पार्टी द्वारा निर्धारित 7 प्रतिशत की वृद्धि की दर के मुकाबले प्रारूप योजना में वृद्धि पर केवल 4.7 प्रतिशत रखी गई है। यह दर उचित नहीं है। हम जो 23 प्रतिशत की बचत करेंगे उसे किसी काम पर लगाया जाना चाहिए जिससे कि राष्ट्रीय आय की दर में और अधिक वृद्धि हो। पिछले आंकड़ों को ही उधार मानकर हमें योजनाएं तैयार नहीं करनी चाहिए। इससे देश की प्रगति को बाधा पहुंचेगी।

योजना के प्रारूप में कहा गया है कि अब देश सभी उपभोक्ता वस्तुओं तथा इस्पात और सीमेन्ट जैसी आधारभूत जिन्सों में आत्म-निर्भर हो गया है। पर जब तक आम लोग इन वस्तुओं को खरीदने में समर्थ नहीं होंगे तब तक हम अपने को आत्म-निर्भर नहीं कह सकते। यदि देश में पैदा 60 लाख टन इस्पात की खपत देश में ही नहीं होती तो हम देश को आत्म-निर्भर कैसे कह सकते हैं ?

पिछले तीन वर्षों से हम जितनी बचत करते आ रहे हैं उसके हिसाब से निवेश नहीं हुआ है। जनता जब बचत करती है तो वह यह आशा रखती है कि उनका पैसा देश के विकास कार्यों में लगे।

विदेशी मुद्रा जो इस समय हमारे पास जमा है उसका भी योजना आयोग ने समुचित मात्रा में उपयोग करने की योजना नहीं बनाई है। आपको याद होगा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जो विदेशी मुद्रा हमारे पास जमा हो गई थी उसे पहली पंचवर्षीय योजना कार्यों में खर्च करके हमने व्यावहारिक बुद्धि का परिचय दिया था। पर आज हम सारे विश्व को जोर-शोर से बता रहे हैं कि हमारे पास 5000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सुरक्षित है पर हम इस योजना में इसमें से केवल 1800 रुपये ही खर्च कर पायेंगे। मूल्य स्थिति भी इस समय अच्छी है। मूल्य नियंत्रण में हैं (**व्यवधान**) इन सब बातों को देखते हुए जनता पार्टी ने जो 7 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा था वह अव्यवहारिक नहीं है क्योंकि 1964-65 में 7.5 प्रतिशत और 1952 में 6.4 प्रतिशत की विकास दर हम हासिल कर चुके हैं।

योजना के प्रारूप की एक अन्य बात जो समझ में नहीं आती वह यह है कि हमारे नियोजक 4.7 प्रतिशत की वृद्धि से हम 4.93 करोड़ लोगों को रोज़गार कैसे दे सकते हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि 5 करोड़ मानव वर्ष से भी उतनी उत्पादन की दर हासिल होगी जितनी कि 1.8 करोड़ मानव वर्ष से होगी। पिछली सभी योजनाओं में 3.5 प्रतिशत से कम वृद्धि दर रखी गई।

श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे (अहमदनगर) : अध्यक्ष महोदय, सम्पूर्ण देश द्वारा आयोजन को देश के आर्थिक विकास के अंग के रूप में स्वीकार किया जा चुका

है और हम सबको इसका गर्व है । तथ्य तो यह है कि जिस प्रकार विदेश नीति या गुट-निरपेक्ष नीति के बारे में हमारे यहां राष्ट्रीय मतैक्य है, उसी प्रकार आयोजन के बारे में भी हमारे यहां राष्ट्रीय मतैक्य है तथा यह हमारे लिये गर्व की बात है ।

यह कहा गया है कि आयोजन पद्धति को हमें फिर से स्वीकार करना पड़ेगा । मैं प्रधान मंत्री को यह चेतावनी देना चाहता हूं कि इससे पूर्व कभी भी इस देश के इतिहास में आयोजन कार्य ऐसे समय पर आरम्भ नहीं किया गया जबकि सामाजिक तनाव इतने अधिक रहे हों । देश में व्याप्त सामाजिक तनावों का नीति निर्धारकों और प्रशासकों पर काफी प्रभाव पड़ता है । जब तक इनका समाधान नहीं ढूंढ़ा जायेगा तब तक हमारी योजनाएं कागज का टुकड़ा मात्र बनकर रह जायेंगी ।

उदाहरण के तौर पर हम कह सकते हैं कि बिहार के मुख्य मंत्री एक बड़े ही इमानदार व्यक्ति हैं । वह इस देश के बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक हैं । किन्तु वह अपने राज्य की विकास समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते क्योंकि वहां पर एक प्रकार के सामाजिक तनाव बने हुए हैं । यही बात उत्तर प्रदेश के लिए भी कही जा सकती है । अतः जब तक आप इन साामाजिक तनावों का समाधान नहीं करेंगे, योजना का कार्यान्वियन नहीं हो सकता ।

आज कहीं आरक्षण की समस्या का मामला है, कहीं हरिजन पर अत्याचारों का मामला है तो कहीं श्रमिक अशान्ति । यह सभी मामले राष्ट्रीय मामलों का दर्जा ग्रहण कर लेते हैं । इसके लिये किसी को दोष देना उचित नहीं है । क्योंकि कुछ सामाजिक शक्तियां सक्रिय हैं जिनका पता लगाकर हमें कार्य करना है । यदि ऐसा न किया गया तो योजना व्यर्थ रह जायेगी ।

आज सम्पूर्ण देश में जिस महत्वपूर्ण विषय पर सार्वजनिक रूप से चर्चा की जा रही है वह है राज्य सरकारों के समक्ष आने वाली वित्तीय कठिनाइयां । इस संसद्, सरकार तथा योजना आयोग के लिए यह काफी बुद्धिमत्ता की बात होगी यदि वह इन समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे । मैं समझता हूं कि प्राकृतिक प्रकोप के लिए योजना अग्रिम धनराशि के रूप में दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता सम्बन्धी सम्पूर्ण प्रक्रिया गलत है तथा इसमें परिवर्तन किया जाना चाहिये ।

यह योजना, जिसका उद्देश्य काफी अच्छा है, सम्भवतः इसको अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़े । इस पर काफी अधिक मुद्रास्फीति सम्बन्धी प्रभाव पड़ने की आशंका है क्योंकि इस योजना के लिए जिन योजना संसाधनों को एकत्रित करने की आशा की जा रही है, वह पूर्णतया मिथ्या है । उदाहरणार्थ एक सुझाव यह भी दिया गया है कि राजकीय सहायता समाप्त कर दी जानी चाहिये । कैसे ? यदि खाद्यान्न तथा कागज के बारे में राजकीय सहायता समाप्त कर दी जाती है, तो यह बात तो कुछ हद तक ठीक लग सकती है । परन्तु अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा । इससे मूल्यवृद्धि होगी ।

कृषि आयकर के बारे में भी एक वक्तव्य दिया गया है। मैं समझता हूं कि कृषि आयकर सम्बन्धी वर्तमान व्यवस्था हमारे देश के अनुरूप नहीं है। यदि सरकार यह समझती है कि ऐसे कर से वह संसाधनों को बढ़ाने में सफल हो जायेगी, तो यह उसका भ्रम है, ऐसा करने से सरकार अपने संसाधनों को बढ़ाने में सफल नहीं हो सकती।

जहां तक मद्यनिषेद्य का सम्बन्ध है, इसके बारे में व्यावहारिक दृष्टिकोण नहीं अपनाया गया है और इसके परिणामस्वरूप देश को काफी कठिनाइयां उठानी पड़ सकती हैं। यदि सरकार इसको करने के बारे में दृढ़ संकल्प ही है तो फिर इससे होने वाली हानि को पूरा करने के बारे में योजना दस्तावेज़ में किसी व्यवस्था का उल्लेख क्यों नहीं किया गया है ?

हमारे देश में कृषि तथा उद्योग के बीच भी विवाद चल रहा है। इस सम्पूर्ण विवाद का कारण यह है कि अर्थव्यवस्था के विकास तथा कृषि उद्योग के आधुनिकीकरण के बारे में जो आधारभूत बातें हैं, उनके बारे में पारस्परिक सूझबूझ का अभाव है। इसलिए कृषि को उद्योग की अपेक्षा प्राथमिकता प्रदान करने सम्बन्धी उनके सारे सिद्धान्त निराधार हैं तथा उससे पता चलता है कि विकासशील देश की विकासशील प्रक्रिया में सूझबूझ का अभाव है।

योजना में यह भी कहा गया है कि अब उच्च तथा तकनीकी शिक्षा के विस्तार की आवश्यकता नहीं है। यह कहना गलत है। आज के युग में उत्पादन वृद्धि तब तक नहीं हो सकती जब तक कि तकनीकी जानकारी न हो। हमें यह समझ लेना चाहिये कि यदि इस देश में शिक्षा को छोड़ दिया जाता है, या शिक्षा का महत्व कम किया जाता है तथा ऐसा केवल इसीलिए किया जाता है कि हम अन्य अस्थाई समस्याओं का हल खोज पाने में असमर्थ हैं, तो ऐसा करके हम देश का भारी अहित कर रहे हैं।

श्री सोमनाथ चटर्जी (जादवपुर) : गत योजनाओं के दौरान इस देश के लोगों की दशा बिगड़ती रही है। गरीबी की रेखा से नीचे अधिक लोग आ गए हैं। कुछ थोड़े से लोगों के हाथों में सम्पत्ति का केन्द्रीयकरण होता रहा है और देश में निरन्तर निर्धनता बढ़ती गई है।

भूतपूर्व सरकार के शासन के दौरान आयोजना प्रक्रिया असफल रही है और योजनाओं का कार्यान्वियन सही ढंग से ही हुआ है। हमें अतीत के अनुभव से सबक सीखना चाहिए। क्या हम बड़े-बड़े व्यापार गृहों, एकाधिकार गृहों तथा बड़े-बड़े जमींदारों और विदेशी सहायता के द्वारा इस देश से निर्धनता तथा बेरोज़गारी को दूर नहीं कर सकते ? क्या हम परम्परागत पूंजीवाद रास्ता अपनाकर या मिश्रित

अर्थव्यवस्था का अनुसरण करके लोगों में व्याप्त असमानता को कम कर सकते हैं ? क्या हम ग्रामीण तथा औद्योगिक क्षेत्रों में आमूल परिवर्तन किए बिना इस दस्तावेज़ में निर्धारित समान समाज का निर्माण कर सकते हैं ? क्या हम भूमि जोतों तथा उसके साधनों पर एकाधिकार को समाप्त किए बिना भूमि के पुनर्वितरण के मामले में न्याय दे सकते हैं ? ये कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिन पर विचार करके इनका उत्तर ढूंढना होगी । मैं देखता हूं कि योजना की रूपरेखा पर विचार करते हुए या प्रारूप तैयार करते समय इन समस्याओं पर विचार नहीं किया गया है । हमें अतीत में अपनाए गए तरीकों को समाप्त करके वर्तमान ढांचे में यह पता करना चाहिए कि हम देश के जनसाधारण को कैसे लाभ पहुंचा सकते हैं ? प्रत्येक योजना में इस बात को ध्यान में रखा जाना चाहिए और देश में किसी नीति के निर्माण के समय भी यही बातें ध्यान में रखी जानी चाहिएं ।

इस योजना प्रारूप में एक बात स्पष्ट रूप से देखी गई है कि इसमें राष्ट्रीय मतैक्य तथा लोगों को भागीदार बनाया जाना चाहिए । इन तमाम वर्षों में विशेषकर भूतपूर्व सरकार के प्रशासन के दौरान क्या होता था कि राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक बिठाना केवलमात्र औपचारिकता निभानी होती थी । किन्तु अब योजना के निर्माण प्रक्रिया में राज्य सरकारों तथा संसद् का सहभागी होना नितान्त आवश्यक है । किन्तु इस प्रक्रिया का अनुसरण नहीं किया गया है ।

हम चाहते हैं कि योजनाओं के कार्यान्वयन में जनता तथा राज्य सरकारों को सहभागी बनाया जाये । हमारे अपने मूल दृष्टिकोण हैं । उन्हें उनका आदर करना चाहिए जैसा कि हम उनके विचारों का सम्मान करते हैं । हम उनसे बातचीत करना चाहते हैं । हम पता करना चाहते हैं कि क्या स्थिति और हम देश की प्रगति तथा विकास के लिए संयुक्त रूप से कैसे प्रयास कर सकते हैं । अतः मेरा प्रधान मंत्री से अनुरोध है कि वह केन्द्र राज्य सम्बन्धों को टकराव का मामला न समझें । यह तो बातचीत तथा विचार-विमर्श की बात है ।

राज्य सरकारें पैसा इसलिए नहीं चाहती कि वे मंत्रियों तथा विधायकों का वेतन बढ़ायेंगी । वे तो धन की मांग इसलिए कर रहे हैं ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावशाली ढंग से निभा सकें ।

जनता पार्टी राज्य सरकार से पंचायत तक विकेन्द्रीकरण करना चाहती है और केन्द्र से राज्यों तक नहीं । परन्तु हम चाहते हैं कि विकेन्द्रीकरण का काम केन्द्रीय सरकार से आरम्भ होकर पंचायतों तक पहुंचना चाहिए और ऐसा करने में राज्य सरकार की शक्तियों की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए ।

जब तक क्षेत्रीय विषमतायें और असमानतायें दूर नहीं की जातीं तब तक इस देश में सही ढंग का संघीय ढांचा नहीं बनाया जा सकता और इसके बिना हम

समुचित योजना का न तो निर्माण कर सकते हैं और न इसे कार्यान्वित कर सकते हैं। हमारा संघीय ढांचा ऐसा होना चाहिए जिसमें सभी देशवासी संयुक्त रूप से मिलजुलकर काम करें।

आयोजना का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलू संसाधन जुटाना है। प्रारूप से यह पता चलता है कि जहां तक सरकारी क्षेत्र के परिव्यय का सम्बन्ध है, हम सरकारी क्षेत्र को मज़बूत बनाना चाहते हैं। इस योजना प्रारूप में कहा गया है कि प्रस्तावित योजना परिव्यय को पूरा करने के लिए 16,000 करोड़ रुपये के अन्तर को पाटने के लिए 13,000 करोड़ रुपये के संसाधन केन्द्र तथा राज्यों द्वारा अतिरिक्त करों द्वारा जुटाये जा सकेंगे। इस प्रकार 9,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त संसाधन केन्द्र द्वारा और 4,000 करोड़ रुपये के अतरिक्त संसाधन राज्यों द्वारा जुटाये जायेंगे। इसका अर्थ यह हुआ कि अधिक कर लगाये जायेंगे। इस प्रकार जनसाधारण को कठिनाइयां उठानी पड़ेंगी।

आगे संसाधन जुटाने के लिए रेल किराये और मालभाड़े में वृद्धि करने की भी व्यवस्था है। मैं यह जानना चाहता हूं कि इससे गरीबों को क्या लाभ होगा।

हम कृषि पर आयकर लगाना चाहते हैं। इस वर्ग को भी आयकर देना चाहिए। परन्तु सरकार और योजना आयोग के इस बारे में क्या विचार हैं ?

दूसरा मामला बेरोज़गारी का है। कुछ संख्या तक पदों का उल्लेख किया गया है। परन्तु यह लक्ष्य कैसे प्राप्त हो सकेगा ? कृषि क्षेत्र में 230 लाख पदों की व्यवस्था की गयी है। परन्तु बिना भूमि सुधार किए और भूमि एकाधिकार को समाप्त किए बिना इसका लाभ केवल एक विशेष समुदाय को ही मिलेगा।

आज लघु पैमाने का क्षेत्र संकट में है। सरकार की नीति मशीनीकरण को बन्द करने की नहीं है। अतः हम जानना चाहते हैं कि रोज़गार का यह लक्ष्य कैसे प्राप्त हो सकेगा ?

आय और मज़दूरी नीति के बारे में मैं केवल दो बातें कहूंगा। इस देश की मज़दूरी और आय क्या है ? मज़दूरी का पैमाना क्या है ? क्या उनको न्यूनतम मज़दूरी दी जाएगी ? इस बड़े प्रतिवेदन में मज़दूर वर्ग के लिए केवल दो पृष्ठ ही रखे गये हैं ? उनकी समस्याओं के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है।

"रोलिंग प्लान" (अनवरत योजना) के बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि क्या एक वर्ष के बाद कोई योजना नहीं रहेगी ? क्योंकि एक वर्ष के बाद इसके प्रभावों, सफलता और प्रगति पर विचार किया जाएगा। आखिर "रोलिंग प्लान" (अनवरत योजना) का उद्देश्य क्या है ? मैं यही जानना चाहता हूं।

अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि मजदूर वर्ग के हितों को सर्वोपरि रखा जाये । उन्हें आयोजना की समूची प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए । अन्यथा कोई योजना सफल नहीं होगी ।

Shri Sukhdev Prasad Verma (Chatra) : Mr. Speaker, Sir, I would like to point out that unless there is involvement and cooperation of the people of the country in a Plan, it cannot be implemented effectively and properly and it will also not be correct to call it a National Plan.

There is no doubt that the previous Plans have benefited the country. But it should be seen as to who have actually benefited by them. Even after the completion of Five Year Plans, the number of persons living below the line of poverty is increasing. This is a clear indication of the fact that there have been some defects in our planning, because of which wealth went on accumulating in few hands only. The Sixth Plan should be judged from this experience.

It is good that attention has been paid to unemployment problem and rural development in this Plan. But mere allocation of money will not do. It is unfortunate that in our country appraisal of a plan or project is done keeping in view the allocation of money made for it. It is not correct to make appraisal of a plan or project on the basis of expenditure incurred on it. What should be seen is as to how much amount, out of the allocated sum, has been spent correctly and how much of it has gone waste or been misutilised.

It is observed that during the previous plans, the persons who have been entrusted with the responsibility of implementing the schemes and projects, have been growing richer. These are the people who are in the Government implementation machinery or the moneyed people in the country whose development has taken place during all these years and not that of the poor people. If this thing continues, even this Sixth Plan will fail in bringing the desired results. I shall request the Prime Minister that he should assure the people and also ensure that the benefit of this Plan reaches the poor masses of the country. It does not matter if the allocations remain the same or they are reduced.

The planning should start from Panchayat level. It should then be considered at District level, then at state level and thereafter at the level of the Centre. It is unfortunate that ever being an elected representative of the people, I have never been given a chance to participate in the deliberations regarding formulation of plan. I do not know when it was framed and how it has reached here. Unless the planning is done at the root level and the general masses do not know as to what type of plan is being formulated for them and what will be their participation in it, the implementation of plan will not prove fruitful to the required extent. Planning by Government machinery only is a simple waste of money. If this thing continues, it is doubted that even this Sixth Plan might not have the same fate as has been of the previous plans.

It is not correct for the Government to take responsibility for every thing on itself. There should be a clear picture in the Plan that Government will be able to do this much with the resources available with them and the rest will have to be done by the people. The work should be clearly divided among all and responsibilities be fixed for it, so that everybody can understand his job and execute it well. Only then we will be able to implement the plan successfully and remove unemployment and poverty from the country.

वाणिज्य और नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : मैं मध्याह्न भोजन के पश्चात् भाषण आरम्भ करूंगा ।

तत्पश्चात् लोक सभा मध्याह्न भोजन के लिए 2 बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

THE LOK SABHA THEN ADJOURNED FOR LUNCH TILL FOURTEEN HOURS OF THE CLOCK

लोक सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् 2 बजकर 6 मिनट अपराह्न पुनः समवेत हुई ।

THE LOK SABHA RE-ASSEMBLED AFTER LUNCH AT SIX MINUTES PAST FOURTEEN OF THE CLOCK

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए ।]

[Mr. Deputy Speaker in the Chair]

समय के नियतन के बारे में

POINT RE : ALLOTMENT OF TIME

श्री एन० श्रीकान्तन नायर (क्विलोन) : श्रीमन्, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । मैं 22 वर्षों से इस सभा का सदस्य हूं । पहले यह प्रक्रिया थी कि महत्वपूर्ण विषयों पर सदस्य संख्या तथा विभिन्न दलों के सदस्यों को कुल मिलाकर एक निश्चित समय के आधार समय का नियतन किया जाता था । परन्तु वर्तमान अध्यक्ष और सचिव के पदासीन होने पर इस प्रथा को त्याग दिया गया है । मैं दस लाख व्यक्तियों का निर्वाचित निर्दलीय प्रतिनिधि हूं । क्या मुझे कोई समय मिलेगा या नहीं ?

उपाध्यक्ष महोदय : यह कहना गलत है कि इस प्रथा को त्याग दिया गया है । कार्य मंत्रणा समिति द्वारा नियत किये गये समय में से विभिन्न दलों को तथा निर्दलीय सदस्यों को भी समय दिया जाता है । आपका नाम आर०एस०पी० ग्रुप में है । कल आप उपस्थित नहीं थे । सम्भवतः इसलिये आपका नाम नहीं पुकारा गया । लेकिन आपको फिर बुलाया जायेगा ।

पंचवर्षीय योजना का प्रारूप 1978-83 के बारे में प्रस्ताव—जारी

Motion Re : Draft Five Year Plan—*Contd.*

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : आज सभा एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ पर चर्चा कर रही है जिसके बारे में मुझे विश्वास है कि वह देश की समृद्धि और प्रगति की नींव को और सुदृढ़ करेगा । इसमें कोई सन्देह की कोई बात नहीं है कि देश के लिये योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था के स्वीकार करने के बाद भी हम देश के विकास के लिये उपयुक्त औद्योगिक, आर्थिक, तकनीकी तथा वैज्ञानिक विकास का ढांचा तैयार कर पाये हैं । 27 वर्ष के पश्चात् आज समय आया है कि हम निरपक्ष होकर अपनी विगत सफलताओं और असफलताओं पर विचार करें । इस दस्तावेज़ में जहां इनको ध्यान में रखा गया है वहां आकी विकास पर भी जोर दिया गया है ।

कुछ सदस्यों ने कहा कि यह दस्तावेज़ बिना उचित सोच-विचार के पेश किया गया है । मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि यह सरकार जनता को दिये गये वचनों को पूरा करने के लिये पूर्णतः उद्यत है । इसके लिये सही आयोजन की आवश्यकता है । इसलिए योजना आयोग को कुछ निदेश दिये गये थे । इन्हीं निदेशों तथा लोगों को दिये गये वचनों को ध्यान में रखते हुए ही हमारे योजना शास्त्रियों ने बड़े परिश्रम से यह दस्तावेज तैयार किया है । राष्ट्रीय विकास परिषद् ने भी इस दस्तावेज़ पर गम्भीरता से विचार किया है । अब यह सदन के समक्ष है । दूसरे सदन में भी इस पर चर्चा होगी । जो भी रचनात्मक सुझाव दिये जायेंगे, सदस्यों द्वारा तथा समूचे देश द्वारा, उनपर विचार करके इस दस्तावेज पर पुनर्विचार किया जायेगा । हमने इसके बारे में प्रत्येक राज्य सरकार से भी विचार-विमर्श किया है । मैं सभा की जानकारी के लिये यह बता देना चाहता हूं कि 20 मार्च को हुई राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक में प्रत्येक मुख्य मंत्री ने इस दस्तावेज में समाविष्ट नीति को स्वीकार किया था । यह ठीक है कि इसके वित्तीय पहलुओं और धन के न्यागमन के बारे में कुछ मतभेद अवश्य थे । परन्तु जहां तक सरकार की नीति का सम्बन्ध है, उसके बारे में किसी भी प्रकार का कोई मतभेद नहीं था ।

मुझे अपने कुछ माननीय मित्रों, जिनमें विरोधी पक्ष के नेता श्री स्टीफन भी हैं, की इस टिप्पणी को सूनकर वास्तव में आश्चर्य हुआ कि इस सम्पूर्ण दस्तावेज़ में आत्म-निर्भरता का न तो कोई उल्लेख किया गया है और न ही उस पर बल दिया गया है । मैं इस सम्बन्ध में दस्तावेज़ के पृष्ठ 3 पर पैरा 1.25 उद्धृत करना चाहूंगा ताकि स्थिति स्पष्ट हो जायेगी ।

"It is proposed, therefore, that the principal objectives of planning should now be defined as achieving within a period of ten years :

(i) the removal of unemployment and significant under employment;

(ii) an appreciable rise in the standard of living of the poorest sections of the population;

(iii) provision by the state of some of the basic needs of the people in these income groups, like clean drinking water, adult literacy, elementary education, health care, rural roads, rural housing for the landless and minimum services for the urban slums.

This Plan aims at considerable progress towards achieving these goals.

These primary objectives should be attained while

(iv) achieving a higher rate of growth of the economy than in the past;

(v) moving towards a significant reduction in the present disparities or incomes and wealth; and

(vi) ensuring the country's continued progress towards self-reliance."

इस प्रकार समूचे दस्तावेज़ का मुख्य उद्देश्य ही यही है । क्या आत्म-निर्भरता वित्तीय पहलु, अत्पादन पहलु तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से सम्बद्ध नहीं है ?

जहां तक वित्तीय पहलु या विदेशी सहायता का सम्बन्ध है, मैं सभा को यह बताना चाहूंगा कि पांचवीं योजना के सरकारी क्षेत्र के कुल परिव्यय 39,000 करोड़ रुपये में 5,400 करोड़ रुपये की विदेशी सहायता की व्यवस्था थी जो कि लगभग 13.76 प्रतिशत बनती है । जबकि इस योजना में सरकारी क्षेत्र के लिये निर्धारित किये गये परिव्यय 69,000 करोड़ रुपयों में केवल 3,600 करोड़ रुपयों की विदेशी सहायता की व्यवस्था है जो कि लगभग 5.7 प्रतिशत होती है । 1974-75 में यह सहायता 26 प्रतिशत और 1975-76 में 28 प्रतिशत तथा 1976-77 में 19 प्रतिशत थी जबकि छठी योजना में इसका अंश लगभग 11 प्रतिशत होगा ।

उत्पादन के पहलु के बारे में कहा गया है कि सरकार उस महान औद्योगिक ढांचे को विखण्डित कर रही है, जिसकी नींव पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी । मैं पूर्ण शक्ति के साथ यह कहना चाहता हूं कि हम इस महान् नेता का सर्वाधिक सम्मान करते हैं और यह देश यह कैसे भूल सकता है कि इस महान् नेता ने देश में योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था की नींव रखी थी । आप देखेंगे कि हम शीघ्रातिशीघ्र आत्म-निर्भर बनने के लिये हर सम्भव उपाय कर रहे हैं । इस्पात और धातुओं को लीजिए । यह सच है कि फिलहाल हमारी इस्पात क्षमता बहुत अधिक है । श्री श्याम बाबू ने इसका उल्लेख किया । हम क्रय शक्ति कमज़ोर होने के कारण इसका उपयोग नहीं कर सकते हैं । हमारे यहां चीनी फालतू हैं । चालू वर्ष में चीनी का उत्पादन लगभग 60 लाख टन होगा । जबकि हमारी जनसंख्या 61 करोड़ है । जब हम अन्य देशों के साथ, जहां प्रति व्यक्ति चीनी की खपत 40 से 50 किलो है, इसकी तुलना करते हैं तो पाते हैं कि यह नगण्य है । इसका कारण है क्रय शक्ति का न होना । यही स्थिति अन्य वस्तुओं की है । हम इस्पात की उपेक्षा नहीं कर रहे हैं बल्कि फिलहाल उन अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की ओर ध्यान दे रहे हैं, जिन्हें अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिये ।

अब बिजली को लीजिये । सभा को यह जानकर प्रसन्नता होगी कि 31 मार्च, 1978 को बिजली का उत्पादन 24,039 मेगावाट था जबकि पहले यह केवल 8,439 मेगावाट था और छठी योजना के अन्त तक यह बढ़कर 44,000 मेगावाट हो जायेगा । इसके लिये हमने यह व्यापक कार्यक्रम आरम्भ किया है जिस पर 15,750 करोड़ रुपये का विनियोजन किया जायेगा । हम एक योजना में इतना सब करने जा रहे हैं जो गत पांच योजनाओं में नहीं पूरा हो सका है नाकि हम आत्म-निर्भर हों । औद्योगिक विकास और उद्योगों को सभी आवश्यक चीजें प्राप्त हो सकें । इसी प्रकार पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन, जो 31 मार्च, 1978 को 25-26 मिलियन टन था, 1982-83 तक 36.32 मिलियन टन हो जायेगा । जहां तक परिवहन और संचार का सम्बन्ध है, पांचवीं योजना में इस प्रयोजन के लिये 6,900 करोड़ रुपये का विनियोजन था जबकि हम छठी योजना में 10,600 करोड़ रुपये का विनियोजन करने जा रहे हैं । इसी प्रकार योजना दस्तावेज़ में 9 उर्वरक कारखानों की स्थापना की व्यवस्था है जिसके लिये 1,650 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है । इस समय हम काफी मात्रा में उर्वरकों का आयात कर रहे हैं । इस देश में उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं ।

कुछ माननीय सदस्यों ने सीमेन्ट का प्रश्न उठाया । इस योजना दस्तावेज़ में चालू योजनाओं को जारी रखने तथा 12 से 15 तक नये सीमेन्ट कारखाने स्थापित करने के लिये 187 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है । अब विज्ञान और प्रौद्योगिक को लीजिए । विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास और इसके बारे में अनुसंधान पर पांचवीं योजना में 814 करोड़ रुपये के विनियोजन की तुलना में छठी योजना में हमने 1,486 करोड़ रुपये के विनियोजन की व्यवस्था की है । अतः इससे स्पष्ट होगा कि सरकार ने आत्म-निर्भरता को प्राथमिकता दी है । इन उपायों से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार विद्यमान कमियों को दूर करने के साथ-साथ अब तक की प्रगति को सुदृढ़ कर रही है ।

सरकारी क्षेत्र के सम्बन्ध में सरकारी कड़ी आलोचना की गई । मैं सभा का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि सरकारी क्षेत्र के लिये पांचवीं योजना में विनियोजन 39,000 करोड़ रुपये था, जबकि छठी योजना में 69,000 करोड़ रुपये का विनियोजन होगा । सरकारी क्षेत्र के सम्बन्ध में सरकार बिल्कुल स्पष्ट है कि सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को देश के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के एक मुख्य साधन के रूप में कार्य करना चाहिये । हम अपने सरकारी उपक्रमों को सफेद हाथी बनाकर नहीं रख सकते हैं । हम उन्हें देश पर बोझ नहीं बनने देंगे । हमें उनके कार्यकरण को सुव्यवस्थित करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि फिजूल खर्ची को एकदम रोका जाये लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि सरकार सरकारी उपक्रमों के विरुद्ध है । सरकारी उपक्रमों पर व्यय में चौथी योजना में तीसरी योजना की तुलना में 38 प्रतिशत वृद्धि हुई थी । पांचवीं योजना में 34 प्रतिशत वृद्धि हुई लेकिन

छठी योजना में इसमें 59 प्रतिशत वृद्धि होगी । क्या इससे यह स्पष्ट नहीं होता है कि वर्तमान सरकार पिछली सरकार की तुलना में सरकारी उपक्रमों की ओर अधिक ध्यान दे रही है ?

यह कहा जा रहा है कि सरकार औद्योगिक विकास की ओर ध्यान नहीं दे रही है । सम्भवतः यह पहला अवसर है कि सरकार ने एक अत्यन्त यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया है । पहली और दूसरी पंचवर्षीय योजनाओं को छोड़कर पहले की किसी अन्य योजना में औद्योगिक विकास की दर कभी भी 4 प्रतिशत से अधिक नहीं रही । जबकि हम औद्योगिक विकास की दर 7 प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिये प्रयत्न कर रहे हैं । जहां तक कृषि की विकास दर का सम्बन्ध है यह 4 प्रतिशत के लगभग होगी जो कि वर्तमान कृषि विकास दर से दोगुनी होगी ।

यह दलील रखी गई कि जब 4.9 करोड़ श्रम वर्ष का रोज़गार पैदा होगा, तो प्रगति दर भी बढ़नी चाहिये । आप यह भूल जाते हैं कि योजना में हमें सामाजिक सेवाओं जैसे पेय जल आदि की व्यवस्था करनी होगी । सड़क निर्माण, संचार आदि से रोज़गार के अवसर तो बढ़ेंगे पर विकास पर में वृद्धि नहीं होगी । यह सम्भव नहीं है । हमारी लगभग 80 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है और 80 प्रतिशत निर्धनता भी गांवों में है तथा 80 प्रतिशत बेरोज़गार लोग भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही हैं । 1911 से लेकर अब तक कृषि श्रमिकों का अनुपात 74 प्रतिशत ही बना रहा है । हमने इस योजना दस्तावेज़ में इस ओर ध्यान दिया है ।

श्री सी० एम० स्टीफन (इदुक्की) : क्या पांचवीं योजना में जिसके बनाने में आपका भी हाथ था, इस पर जोर नहीं दिया गया था ?

श्री मोहन धारिया : जब मैं योजना विभाग में था, तब हमने "टूवर्डस सैल्फ रिलाएन्स—एन अप्रोच टू फिफ्थ प्लान" नामक दस्तावेज़ तैयार किया था जिस पर इस सभा में भी चर्चा हुई थी और सभा ने उसे स्वीकार किया था । लेकिन इसके बाद उसे कहां फैंक दिया गया, मुझे पता नहीं । क्या 1971 में—जब मैं और श्री स्टीफन दोनों ही कांग्रेस में थे—हमने लोगों को वचन नहीं दिया था कि पांच वर्षों में हम गरीबी को हटा देंगे और प्रत्येक गांव में पेय जल की व्यवस्था कर देंगे ? उसका क्या हुआ ? इसके लिये कौन उत्तरदायी है ? गत योजनाओं में पेय जल के लिये कोई व्यवस्था नहीं की गई । हमने इसके लिये व्यवस्था की है और हम सुनिश्चित करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिये पेय जल की व्यवस्था हो । हम यह देखेंगे कि प्रतिवर्ष 30,000 गांवों में पेय जल की व्यवस्था हो । प्रधान मंत्री जी अपने भाषण में यह बिल्कुल स्पष्ट कर चुके हैं कि हम इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिये बहुत उत्सुक हैं ।

श्री सी० एम० स्टीफन (इदुक्की) : योजना में व्यवस्था और योजना की क्रियान्विति दो अलग चीजें हैं । मैं तो यह पूछ रहा हूं कि क्या योजना में इस पर जोर दिया गया था या नहीं ।

श्री मोहन धारिया : यदि आप योजना नियतन को देखेंगे तो यह बिल्कुल स्पष्ट हो जायेगा कि इन पर बल नहीं दिया गया था और वर्तमान सरकार ने ऐसा किया है । हमने इस योजना में ग्रामीण विकास के लिये कुल योजना परिव्यय की 43 प्रतिशत राशि नियत की है । ग्रामीण विकास के लिये पहले कभी इतना अधिक प्रावधान नहीं किया गया । वास्तविकता यह है कि पहले ग्रामीण विकास की उपेक्षा की जाती रही ।

यह कहा गया है कि इस योजना में न्याय देने का ध्यान नहीं रखा गया है । यदि आप पृष्ठ 11 और पृष्ठ 311 से आगे के पृष्ठ देखें तो पता चलेगा कि वितरण न्याय हेतु भूमि सुधार, शहरी और निगमित सम्पत्ति एवं उनका वितरण, वस्तुओं और सेवाओं के वितरण, लोक वितरण व्यवस्था आदि पर बल दिया गया है । देश में जनसाधारण की न्यूनतम आवश्यकताओं पर समुचित ध्यान दिया गया है । यह प्रथम अवसर है कि जब इन सब बातों पर ध्यान दिया गया है । हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सामाजिक असमानताएं दूर हों । केवल आवश्यकता इस बात की है कि योजना दस्तावेज़ में जो व्यवस्थाएं की गई हैं, उनको सही ढंग से क्रियान्वित हो । इस योजना में ग्रामीण विकास के लिये 80,000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है । कम से कम 2,750 ब्लाकों में पूर्ण रोज़गार प्रदान करने के लिये यथासम्भव प्रयास किये जा रहे हैं । ग्रामीण विकास के सम्बन्ध में हम एक समेकित क्षेत्र प्रायोजन करना चाहेंगे । हम योजना आयोग को तथा राज्य, क्षेत्रीय और जिला स्तरों पर योजना तन्त्र और व्यवस्था को सुदृढ़ कर रहे हैं । हम यह सुनिश्चित करने के लिये भी योजनाएं बना रहे हैं कि शक्ति का विकेन्द्रीकरण हो और इस सन्दर्भ में केन्द्रीय सरकार ने श्री अशोक मेहता की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की है, जो यह सुझाव देगी कि समूची पंचायत राज प्रणाली का किस प्रकार सजीव बनाया जाये । योजनाओं की समुचित रूप में क्रियान्विति के लिये यह आवश्यक है कि लोगों को इसमें भागीदार बनाया जाये और यह पंचायतों के माध्यम से ही सम्भव है । इसके लिये पंचायतों का ठीक ढंग से काम करना आवश्यक है ।

